an>

Title: Regarding situation arising out of non-payment of salary to the employees of Hindustan Antibiotic Limited.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, देश का पहला एंटीबायोटिक कारखाना जो भारत सरकार का है, आज आर्थिक समस्या से जूझ रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरबा गांधी को बीमारी में जरूरी एंटीबायोटिक नहीं मिली, तब देश के पहले प्रधान मंत्री माननीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 10 मार्च, 1954 में हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड की स्थापना पिंपरी, महाराष्ट्र में की थी। यह देश की पहली कंपनी है, जिसने एंटीबायोटिक दवाइयों का निर्माण किया। आज देश में बहुत सारी कंपनियां अनेक तरह की दवाइयां बना रही हैं, बल्कि विदेशों से बहुत सारी दवाइयां आज देश में आती हैं। भारत सरकार की अपनी कंपनी हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड आज आर्थिक समस्या से जूझ रही है। यहां तक कि इसके कर्मचारियों को पिछले 5 महीनों से वेतन तक नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने के बावजूद भी सभी कर्मचारी कंपनी में पूरी मेहनत से काम कर रह हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड कंपनी के लिए सरकार से जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, जिससे सभी कर्मचारियों को पूर्व का वेतन मिले एवं कंपनी चलने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए।